संख्या-15 / **5208 / 12-3-2013-100(46) / 2013**

प्रेषक,

जावेद उस्मानी

मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. संबंधित मण्डलायुक्त

उत्तर प्रदेश।

2. संबंधित जिलाधिकारी

उत्तर प्रदेश।

3. कृषि निदेशक**,**

उत्तर प्रदेश, **लखनऊ।**

कृषि अनुभाग**-3** लखनऊ**:** दिनांक **10** दिसम्बर **2013**

विषय**:** कृषि विभाग द्वारा संचालित की जा रही पूर्वी उत्तर प्रदेश में आर**0**के**0**वी**0**वाई योजनान्तर्गत गेहूँ की लाइन सोइंग वर्ष 2013-14 का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, पारसी एवं जैन) के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। उक्त के दृष्टिगत शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त अल्पसंख्यक वर्ग को प्रदेश की विकास योजनाओं में उनका वाजिब हक दिलाये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में उनकी जनसंख्या के आधार पर 20 **प्रतिशत मात्राकरण अल्पसंख्यकों हेतु किये जाने का निर्णय लिया गया है ताकि प्रदेश में चलने वाली विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अल्पसंख्यक समुदाय को सामाजिक न्याय की परिधि में लाते हुए उन्हें न्यायोचित हिस्सा मिल सके तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सके।**

2- **प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश सं**0-1533/52-3-13-**सा**(30)/13 **दिनांक** 24.08.2013 **निर्गत किया गया है। शासनादेश में चिन्हित कल्याणकारी योजनाओं में कृषि विभाग की** आर**0**के**0**वी**0**वाई योजनान्तर्गत पूर्वी उत्तर प्रदेश में आर**0**के**0**वी**0**वाई योजनान्तर्गत 'गेहूँ की लाइन सोइंग वर्ष **2013-14' परियोजना भी सम्मिलित है। यह योजना लाभार्थीपरक है।**

3- **शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक** 31.07.2013 **तक की भौतिक प्रगति को वार्षिक लक्ष्य से घटाते हुये अवशेष लक्ष्य में से** 20 **प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय हेतु मात्राकरण करते हुए जनपदवार फॉट निर्धारित कर दिया जाये।**

http://shasanadesh.up.nic.in

तद्नुसार योजनान्तर्गत किये गये लक्ष्य की जनपदवार फॉट संलग्नक-क पर है। इसके आधार पर ही जनपदवार लक्ष्य की प्राप्ति की जानी है।

4- योजना में अल्पसंख्कों हेतु निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करने की कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी विशेष कारण से लक्ष्य प्राप्ति हेतु अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थी उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तो जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुति तथा मुख्य सचिव के माध्यम से शासन का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् अल्पसंख्यकों के अवशेष लक्ष्य को अन्य समुदाय के लोगों से पूर्ण कर लिया जायेगा।

5- उपर्युक्त उपरोक्त योजना की समीक्षा हेतु निर्धारित प्ररूप की प्रति संलग्नक-ख के रूप में संलग्न है। इस प्ररूप पर प्रत्येक माह की 07 तारीख तक वांछित विवरण/सूचना जनपद के जिलाधिकारी द्वारा मण्डलायुक्त को तथा शासन के सम्बंधित विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी। सम्बंधित विभाग, परीक्षणोपरान्त प्रत्येक माह की 12 तारीख तक निर्धारित प्ररूप संलग्नक-ग पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को संकलित रूप से विवरण उपलब्ध करायेंगे।

6- योजना से सम्बंधित शासनादेश सं0-1533/52-2013-सा(30)/2013 दिनांक 24.08.2013 में निर्धारित अन्य शर्तों/प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चत किया जायेगा।

संलग्नक- यथोक्त

भवदीय,

(जावेद उस्मानी)
मुख्य सचिव।

संख्या-**5208(1)/12-3-2013-**तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. संबंधित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से

(इन्द्रदेव पटेल)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संलग्नक-क

आर0के0वी0वाई योजनान्तर्गत गेहूँ की लाइन सोइंग वर्ष 2013-14 में अल्पसंख्यकों हेतु लक्ष्यों का मात्राकरण

क्र0सं0	जनपद	कुल लक्ष्य (हेक्टेयर में)	अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत लक्ष्य (हेक्टेयर में)
1	2	3	4
1	इलाहाबाद	16000	2576
2	प्रतापगढ़	13600	2358
3	वाराणसी	6400	1284
4	चन्दौली	7200	934
5	गाजीपुर	12800	1604
6	जौनपुर	16800	2171
7	मिर्जापुर	9600	887
8	सोनभद्र	6400	438
9	संतरविदास नगर	4800	727
10	आजमगढ़	17600	3360
11	मऊ	7200	1738
12	बलिया	13600	1132
13	गोरखपुर	15200	1762
14	महाराजगंज	9600	2001
15	देवरिया	12800	1846
16	कुशीनगर	11200	2392
17	बस्ती	11200	2086
18	सिद्धार्थनगर	11200	4175
19	संतकबीर नगर	7200	2191
20	फैजाबाद	8800	1624
21	अम्बेडकर नगर	7200	1495
22	सुल्तानपुर	11200	3344
23	अमेठी	12800	2315
24	गोण्डा	12800	2372
25	बलरामपुर	7200	3122
26	बहराइच	11200	3349
27	श्रावस्ती	4000	4939
28	बाराबंकी	12000	1298
कुल योग		**297600**	**59520**

http://shasanadesh.up.nic.in

संलग्नक-ख

विभाग का नाम :

जनपद का नाम :

माह :

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का **20** प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारूप						
क्र0सं0	योजना का नाम	अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरूद्ध माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक क्रमिक उपलब्धि	लक्ष्य के विरूद्ध क्रमिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**

http://shasanadesh.up.nic.in

संलग्नक-ग

सम्बन्धित विभाग द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भेजे जाने वाली संकलित सूचना का प्रपत्र

विभाग का नाम :

जनपद का नाम :

माह :

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का **20** प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारूप						
क्र**0**सं**0**	जनपद का नाम	अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरूद्ध माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक क्रमिक उपलब्धि	लक्ष्य के विरूद्ध क्रमिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**
	योग					

http://shasanadesh.up.nic.in